Youth Bedhadak, Jaipur	15 April 2023

यूथ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 15 अप्रैल, 2023 05

जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में कार्यक्रम: पद्म विभूषण अवॉर्डी डॉ. आरए मशेलकर जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड से सम्मानित

'बेस्ट के बजाय नेक्स्ट प्रैक्टिस पर हो फोकस'

बेधड़क | जयपुर

आपका भाग्य आपके हाथ में है। बेस्ट प्रैक्टिस के बजाए नेक्स्ट प्रैक्टिस पर फोकस हो तो परिणाम ज्यादा इनोवेटिव होंगे। कुछ ऐसे ही प्रेरक उद्बोधन के साथ पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री से सम्मानित वैज्ञानिक डॉ. आरए मशेलकर शुक्रवार को जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स, प्रोफेसर्स, वैज्ञानिक एवं बिजनेस पर्सन्स से रूबरू हुए। उन्हे यूनिवर्सिटी की ओर से प्रतिष्ठित जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड से नवाजा गया। जेके समूह के संस्थापक हरि शंकर सिंघानिया की स्मृति में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर योगदान के लिए ख्यातनाम हस्तियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड का यह आठवां एडिशन था, इस अवॉर्ड से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. प्रणब मुखर्जी समेत अन्य नामचीन हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर एचपी सिंघानिया, जेकेएलयू के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी, प्रो. वीसी आशीष गुप्ता ने यह पुरस्कार प्रदान किया। मशेलकर ने कहा कि बेस्ट प्रैक्टिस में हम किसी को फॉलो करते है, जबकि नेक्स्ट प्रैक्टिस में हम खुद मार्ग तय करते हैं, जो कि स्थाई सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है।

इनोवेशन जीवन जीने का तरीका

क्रिएटिंग द एक्सपोनेंशियल आंत्रप्रेन्योर्स विषय पर मशेलकर ने कहा कि इनोवेशन जीवन जीने का एक तरीका है। उन्होंने आर्डिनरी व्यक्ति को एक्स्ट्रा आर्डिनरी में बदलने की कला सीखने की जरूरत बताई। साथ ही हाई टेक्नोलॉजी को निचले तबके तक पहुंचाने की क्षमता विकसित करने की बात कही। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए पेटेंट की जागरूकता लाए जाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए हल्दी एवं बासमती के पैटर्न के उदाहरण भी दिए। भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ उन्होंने बिताए गए अपने कई अनुभवों को भी साझा किया।

इन मूल्यों पर मिलता है अवॉर्ड

जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड विशिष्ट बौद्धिक, नैतिक और आध्यात्मिक क्षमता के व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है। जिनका समाज के प्रति योगदान जेके समूह के मूल्यों को दर्शाता है, जिससे युवाओं को जीवन के अपने चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए ऐसे रोल मॉडल से प्रेरणा मिल सके। जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड से अब तक पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, डॉ. के कस्तूरीरंगन, लॉर्ड मेघनाद देसाई, कैलाश सत्यार्थी, प्रो. रामचरण और अरूंधती भट्टाचार्य सरीखी हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है।

नवाचारों में अग्रणी

डॉ. आरए मशेलकर का अपने वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए पूरी दुनिया में एक विशिष्ट स्थान है। वे ऑक्सफोर्ड समेत कई विश्व प्रसिद्ध यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रह चुके हैं। देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के महानिदेशक पद पर रहते हुए मशेलकर के नेतृत्व में सीएसआईआर ने हल्दी के घाव भरने वाले गुणों पर अमेरिकी पेटेंट के निरसन की लड़ाई सफलतापूर्वक लड़ी। उन्होंने यह दावा किया कि यह भारत का पारंपरिक ज्ञान था और इसलिए यह उपन्यास नहीं था। संयोजक यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार केके माहेश्वरी ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।